प्रेस नोट संख्या- 11
दिनांक 10.08.2025
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस
थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा चोरी की योजना बना रहे 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, 01 कार, 01 चाकू, 03 लोहे की रॉड, 01 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 10.08.2025 को थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 07 लोग 01 सफेद कार में बैठे व कुछ खड़े होकर चोरी की योजना बना रहे है । उक्त सूचना के आधार पर थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा कार में बैठे **01.शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ राजा** पुत्र शिवप्रकाश सिंह निवासी ग्राम पूरे रामसिंह मजरे मिर्जागढ़ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष, **02. फईम पुत्र सफीक** निवासी ग्राम खैरातपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष एवं **03.अमन शर्मा** पुत्र बृजेन्द्र शर्मा निवासी मिर्जागढ़ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को हिकमतअमली से पकड़ लिया गया तथा 04 अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भाग गये । तलाशी से शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ राजा के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, फईम के कब्जे से 01 अदद चाकू एवं अमन शर्मा के कब्जे से 01 अदद लोहे का रॉड बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे तीनों व उनके 04 अन्य साथी 1.शिवांश प्रताप सिंह उर्फ राहुल सिंह, 2.आकिब, 3. आरिफ, 4.आजाद के साथ मिलकर सत्थिन गांव में चोरी करने की योजना बना रहे थे, जो अभी मौके से भाग गये हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि जिस घर में चोरी की घटना को कारित करना होता था उसकी रेकी दिन में ही आजाद पुत्र मंसूब एवं आरिफ पुत्र मंजूर निवासीगण ग्राम बख्तावर नगर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी द्वारा कर ली जाती है तथा रात्रि में घर का ताला तोड़कर चोरी करने की घटना कारित की जाती है । बरामद डिजायर कार संख्या DL 4C AE 5392 के संबन्ध में बताया कि यह कार शिवांश प्रताप सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र गंगाबक्श सिंह उर्फ तालुकादार निवासी ग्राम हरपालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी की है, जिसका सही नंबर यूपी 32 केएम 1687 है । पहचान छुपाने, सीसीटीवी कैमरों से बचने व पकड़े जाने के डर से कार का नंबर प्लेट बदलकर चोरी करने में कार का उपयोग करते हैं, कार की तलाशी से 02 अदद लोहे की राड बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ राजा पुत्र शिवप्रकाश सिंह निवासी ग्राम पूरे रामसिंह मजरे मिर्जागढ़ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष।
2. फईम पुत्र सफीक निवासी ग्राम खैरातपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष।
3. अमन शर्मा पुत्र बृजेन्द्र शर्मा निवासी मिर्जागढ़ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।

वांछित अभियुक्तों का नाम व पता-

1. आजाद पुत्र मंसूब निवासी ग्राम बख्तावर नगर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
2. आरिफ पुत्र मंजूर निवासी ग्राम बख्तावर नगर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
3. शिवांश प्रताप सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र गंगाबक्श सिंह उर्फ तालुकादार निवासी ग्राम हरपालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
4. आकिब पुत्र अनवर निवासी ग्राम बख्तावर नगर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 228/25 धारा 313,319(2),318(4),338,336(3),340(2) बीएनएस ,3/25 आर्म्स एक्ट एवं 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी।

बरामदगी-

1. 01 अदद डिजायर कार।
2. 01 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 03 अदद लोहे की रॉड।
4. 01 अदद चाकू।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सतीशचन्द्र थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 तुलसीराम थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
4. हे0का0 मनोज विश्वकर्मा थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
5. का0 अक्षय कुमार थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
6. का0 संदीप कुमार थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
7. का0 तरुण मिश्रा थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।

अभियुक्त शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ राजा का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 11/23 धारा 323,325,427,504,506 भादवि थाना जामो जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 06/24 धारा 1474,148,149,307,323,325,427,452,504,506 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 99/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कमरौली जनपद अमेठी।